भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1622

21.09.2020 को उत्तर देने के लिए

भूटान में फंसे भारतीयों को वापस लाना

1622. श्री निशीथ प्रामाणिक:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

भूटान में फंसे भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से बड़े पैमाने पर कूचबिहार के लोगों जो पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, को वापस लाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

कोविड-19 के मद्देनजर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भूटान में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी को सुकर बनाने के लिए सरकार अग्रसक्रिय होकर कदम उठाती रही है। भूटान से भारत आने के इच्छुक भारतीय नागरिकों की पहचान तथा पंजीकरण के लिए विशेष प्रयास किए गए थे, जिनमें ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से तथा विशेष पंजीकरण शिविर लगाकर किए गए प्रयास भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 24X7 हेल्पलाइन दूरभाष नंबर भी शुरू की गई थीं। पंजीकृत भारतीय नागरिकों को उनके अपने राज्यों में वापस लाने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ गहन समन्वयन करके सड़क मार्ग तथा हवाई मार्ग दोनों से विशेष व्यवस्था की गई थी। 16 सितंबर, 2020 तक भूटान से कुल 5199 भारतीय नागरिकों को वापस लाया गया है । इनमें 2034 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं जो कूच-बिहार, पश्चिम बंगाल के निवासी हैं।

***